__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date -                                   Class - VI
Subject - Hindi Language                 Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

आमोद भाग-6
'भाववाचक संज्ञा'

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

यह पाठ 'भाववाचक संज्ञा' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 15 अगस्त, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'भाववाचक संज्ञा' के बारे में पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'भाववाचक संज्ञा' के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको 'भाववाचक संज्ञा' समझाने जा रही हूँ, सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

भाववाचक संज्ञा

बच्चो! जो शब्द किसी भाव, गुण, दशा आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- गरिमा, कालिमा आदि।

बच्चो! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक देखें एवं समझें।

(क) लगातार खेलते-खेलते मुझे थकान हो गई है।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date- Class- VI
Subject - Hindi Language Page-2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(ख) राम अपने बचपन की बातें सुनकर प्रसन्न हो रहा है।
(ग) मोहन ने दौड़ प्रतियोगिता में सफलता पाई।
(घ) खेतों में हरियाली छाई है।

बच्चो! ऊपर दिए वाक्यों में रेखांकित शब्द थकान, बचपन, सफलता, हरियाली भावों के नाम हैं। इनका कोई रूप या आकार नहीं होता, इन्हें केवल महसूस किया जा सकता है।

बच्चो! भाववाचक संज्ञाएँ चार प्रकार से बनती हैं -
- जातिवाचक संज्ञा से
- सर्वनाम से
- विशेषण से
- क्रिया से

(क) जातिवाचक संज्ञा से संज्ञा बनाना

| | | | |
|---|---|---|---|
| बंधु | बंधुत्व | नारी | नारीत्व |
| मूर्ख | मूर्खता | लघु | लाघव |
| भाई | भाईचारा | शहर | शहरी |
| नीचा | निचाई | देहात | देहाती |
| क्षत्रिय | क्षत्रियत्व | बाँका | बाँकपन |
| घर | घरेलू | ठंडा | ठंडक |

(ख) सर्वनाम से संज्ञा बनाना

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपना | अपनापन | आप | आपा |

Scanned with CamScanner

Date-　　　　　　　　　　　　Class- VI
Subject- Hindi Language　　　　　　　　Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्व | स्वत्व | पराया | परायापन |
| मम | ममता | अहं | अहंकार |
| निज | निजत्व | | |
| सर्व | सर्वस्व | | |

(ग) विशेषण से संज्ञा बनाना

| | | | |
|---|---|---|---|
| मीठा | मिठास | तीखा | तीखापन |
| तीक्ष्ण | तीक्ष्णता | बूढ़ा | बुढ़ापा |
| कातर | कातरता | निर्बल | निर्बलता |
| हरा | हरियाली | कायर | कायरता |
| चतुर | चतुराई | ढीठ | ढिठाई |
| शीतल | शीतलता | मोटा | मोटाई |

(घ) क्रिया से संज्ञा बनाना

| | | | |
|---|---|---|---|
| दौड़ना | दौड़ | कमाना | कमाई |
| खेलना | खेल | बढ़ना | बढ़ाई |
| लूटना | लूट | पढ़ना | पढ़ाई |
| रुकना | रुकावट | चमकना | चमक |
| धोना | धुलाई | बचना | बचाव |
| चलना | चाल | घेरना | घेरा |

बच्चो ! मैंने आपको भाववाचक संज्ञा के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-  Class- VI
Subject- Hindi Language  Page-4
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

प्रश्न-1. भाव वाचक संज्ञा की परिभाषा लिखें।
प्रश्न-2. 'घर' शब्द को भाववाचक संज्ञा में बदलें।
प्रश्न-3. 'दौड़ना' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. जो शब्द किसी भाव, गुण, दशा आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।
उत्तर-2 घरेलू
उत्तर-3 दौड़

बच्चो! मैंने आपको भाव वाचक संज्ञा के बारे में समझा दिया है। आशा है आपको यह अच्छे से समझ आ गया होगा। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

≐ बच्चो आप ऊपर कराए गए सभी भाववाचक संज्ञा शब्दों को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner